कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत होगा नेटवर्क, सात विवि. के साथ हुआ एमओयू

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को इंडोनेशिया के बाटम शहर में ब्लेंडेड मोड में आयोजित 29वीं आईएमटी-जीटी बैठक के दौरान हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले में स्थित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) का सात प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता (एमओयू) हुआ।

प्रमुख बिंदु

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- इस समझौते में इंडोनेशिया के छह विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटास सियाह कुआला, यूनिवर्सिटास लैंपुंग, यूनिवर्सिटास मैरिटिम राजा अली हाजी, यूनिवर्सिटास सुमाटेरा उतरा, यूनिवर्सिटास जंबी, और यूनिवर्सिटास रियाउ शामिल हैं।
- इसके अतिरिक्त मलेशिया का एक विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी मारा भी इस समझौता का हिस्सा बना है।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) इन सात प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक साझेदारी कर एक मज़बूत नेटवर्क स्थापित करेगा, जिससे छात्र और संकाय के सदस्य आदान-प्रदान कर सकेंगे।
- यह समझौता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंडोनेशिया-मलेशिया-थाईलैंड ग्रोथ ट्राइएंगल यूनिवर्सिटी नेटवर्क (आईएमटी-जीटी यूनीनेट) के साथ एक महत्त्वपूर्ण अकादमिक भागीदारी स्थापित करेगा। आईएमटी यूनिनेट नेटवर्क में तीन देशों के 27 विश्वविद्यालय शामिल हैं।
- इन एमओयू के माध्यम से, कुवि आईएमटी-जीटी और देश के बीच सहयोग की परियोजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में तेजी लाने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है।
- इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये शैक्षणिक उत्कृष्टता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये एक नए युग की शुरुआत की गई है। इन एमओयू से नई राहें मिलेंगी, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हमारे छात्रों के लिये उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण में सक्रिय रूप से शामिल होने के कई अवसर प्रदान करेंगी।
- इस समझौते के दौरान मलेशिया में देश के उच्चायुक्त बी.एन. रेड्डी, प्रो.टीएस, डॉ. हाजा रोजिया मोहम्मद, जनोर और इंडोनेशिया तथा मलेशिया के सात भागीदार विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भागीदारी की।

[//](//)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kurukshetr-university-network-will-be-strengthened-at-International-level-usigned-with-seven-universities